## सार-समाचार

### रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना लागू

**उदयपुर, (कासं)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा की क्रियान्विति में रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना' एक सितंबर 2०24 से लागू हो गई है। इस योजना के तहत जिले के समस्त राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के परिवार पात्र होंगे। जिला रसद अधिकार गीतेश मालवीय ने बताया कि वर्तमान में जिले में 4 लाख 18 हजार 974 पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। इस योजना के तहत लाभार्थियों को सब्सिडी दी जाएगी ताकि उपभोक्ताओं को 450 रूपये ही सिलेण्डर के लिये खर्च करने पडेगें। 450 रूपये से अधिक राशि का भुगतान करने पर अधिक भुगतान की गई राशि उपभोक्ताओं के बैक खातें में सब्सिडी के रूप में जमा होगी। सब्सिडी प्राप्त करने के लिये उपभोक्ताओं को खाद्य सुरक्षा योजना में सर्वप्रथम ई-केवाईसी करवानी होगी। इसके पश्चात् अपने राशन कार्ड को एलपीजी आईडी व जनआधार से सीडिंग करवानी होगी। यह कार्य नजदीकी ई-मित्र द्वारा अथवा राशन डीलर द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के तहत एक माह में एक सिलेंडर मिलेगा एक से अधिक सिलेंडर खरीदने पर अतिरिक्त सिलेण्डर पर सब्सिडी देय होगी। डीएसओ ने बताया कि इस योजना के तहत प्राप्त गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिये ही किया जा सकता है। यदि इस योजना में प्राप्त सिलेंडर का दुरुपयोग किया जाता है तो जिला रसद कार्यालय की टीम द्वारा इसे जब्त कर कानूनी कार्यवाही की जायेगी और सब्सिडी भी बंद कर दी जायेगी। इस कार्य में लिप्त गैस एजेन्सी पर भी प्रभावी कार्यवाही की जावेंगी। इस हेतु राज्य स्तर व जिला स्तर से टीम गठित की जा रही है। उपभोक्ता अपनी सीडिंग इत्यादि पूर्ण कर लें ताकि इसी माह से लाभ मिलना प्रारंभ हो।

### कलक्टर ने किया उदयसागर का दौरा

**उदयपुर, (कासं)।** मंगलवार का दिन लेकसिटी के लिए मंगलमय रहा। अल सुबह से ही गरजते इठलाते मेघों ने खूब शोर मचाया और मंगलगान करते हुए जमकर मेहर बरसाई। मध्यम से तेज गति से हुई इस बरसात से झीलों की नगरी मुस्कराती हुई दिखी। बरसात का आलम यह रहा कि मध्याह्न पूर्व तक उदयपुर के प्रमुख जलाशय यथा पिछोला, स्वरूप सागर, थूर की पाल, छोटा मदार, बेदला एनिकट आदि लबालब हो गये। पिछोला से स्वरूप सागर के मार्ग से आयड होकर उदयसागर पहुंचने वाली जलराशि को देखने शहरवासियों का हुजूम उमडा। इधर, भारी बरसात और लबालब हो रहे जलाशयों को देखते हुए जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने उदय सागर का दौरा किया और उदयसागर का गेट खोलने के बाद बहती जलराशि के साथ झील में जल आवक और निकासी के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वहां उदयसागर पाल की विजिट कर पास बने पार्क के सौंदर्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने, झीलों के समीप सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने आदि के बारे में निर्देश दिए। इस अवसर पर जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता भी साथ रहे।

### आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** ऋषभदेव थाना पुलिस ने बाइक सवार के साथ लूट की वारदात करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 8 अप्रेल को पीडित मोहन पुत्र हरुमा मीणा निवासी नेनबारा फला डागोल वाघपुरा ने ऋषभदेव पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसनेबताया कि तडके मैं व मेरा भाइ रंगलाल दोनों बाइक पर जयसमंद से ऋषभदेव होकर गांव जा रहे थे। जहां बीच रास्ते मयुर धागा मील के आगे आए दो बाइक पर सवार लडकों ने रोक कर मारपीट कर बाइक छिन ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में ऋषभदेव थानाधिकारी घनश्यामसिंह के नेतृत्व में एएसआई श्यामसुन्दर मय टीम ने मामले में वांछित आरोपी पंकज पुत्र बसु निवासी बिलख कलावत ऋषभदेव को गिरफ्तार किया। इस मामले में पूर्व में राजेन्द्र, अनिल एवं अंकित को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

### शव सौंपा

**उदयपुर, (कासं)।**फलासिया थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल दो युवको की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने दोनों का शव परिजनों को सौंप दिया। प्रकरण के अनुसार सोमवार सांय फलासिया थानाक्षैत्र सोम रोड़ पर नालवा से फलासिया की तरफ आ रही कार ने फलासिया से पारवा नालवा जा रही बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार नालवा पानरवा निवासी दिनेश (30) पुत्र नाथूजी की मौके पर ही मौत हो गई तथा सुरेश पुत्र मन्नालाल (24) तथा राकेश (27) पुत्र गोतम बुम्बडिया निवासी नालवा पानरवा गंभीर घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर फलासिया थानाधिकारी सिताराम, हेडकांस्टेबल रमेश ने मौके पर पहुंच कर दोनों को एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतकों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। तीनों उदयपुर शहर में मजदूरी करते थे एवं बाइक पर फलासिया से नालवा की तरफ जा रहे थे। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

### पौष्टिक आहार कार्यक्रम

**उदयपुर, (कासं)।** संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन का आधार। ये विचार महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के अंतर्गत कार्यरत अखिल भारतीय समन्वित महिला अनुसंधान परियोजना के तहत बडगाम पंचायत समिति के चयनित न्यूट्री स्मार्ट गाँव थूर में पोषण माह के उपलक्ष्य में सभी के लिए पौष्टिक आहार कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक, आहार विज्ञान एवं पोषण विभाग की सह आचार्य डॉक्टर विशाखा सिंह ने व्यक्त किये । आपने महिलाओं को संतुलित आहार का मानसिक एवं शारीरिक विकास में महत्व बताया एवं इसे तैयार करने हेतु मौसमी एवं स्थानीय रूप से उपलब्ध भोज्य पदार्थों को उपयोग में लेने की सलाह दी. सहायक आचार्य डॉ. सुमित्रा मीणा ने पोषण माह की जानकारी देते हुए बच्चों एवं माँ के लिए पोषण के लिए सही पोषण के बारे में जागरूक किया ।

### छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने आरोपी मोहनसिंह सोलंकी निवासी पायड़ा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 31अगस्त को आरोपी पीडित की बच्ची को खिलोना देने के बहाने अपने घर ले आया। जहां उसके साथ छोड़छाड़ की। इसका पता चलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच प्रतापनगर थ थानाधिकारी भरत योगी कर रहे है।

### चिकित्सालय से नकदी चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के झाड़ोल कस्बे में स्थित निजी चिकित्सालय में घुस कर चोर नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार झाड़ोल से उदयपुर रोड़ पर स्थित जागृति चिकत्सालय में सोमवार रात में घुसे तीन बदमाश गल्ले से 1 लाख 25 हजार रूपये नकदी निकाल ले गए। रात में चिकित्सालय का गेट बंद था एवं दीपक पूर्बिया काउंटर के पिछे स्थित बिस्तर पर सोया था। इस दौरान आए चोरों ने गल्ला खोल नकदी निकाली। जाग होने तक बदमाश फरार हो गए।

### धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित प्रकाश पुत्र हिरालाल पटेल ने पानी की टंकी के पास प्रतापनगर निवासी नरेश जैन के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया । जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी से उधार ली नकदी चुकाने के बावजूद धोखे से मकान का एठीमेंट करने का प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि आरोपी से उधार नकदी ली थी। जिसे चुकाने के दौरान आरोपी ने नहीं चुकाने पर मकान का कब्जा देने संबंधी स्टाम्प तैयार कर लिया। जबकि मैने एसा एग्रीमेंट नहीं किया।

### साईबर ठगी की नकदी लौटाई

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना पुलिस ने साईबर ठगी का शिकार हुए पीडितों को तीन लाख रूपये से अधिक की नकदी वसूल कर वापस लौटाई। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर साईबर अपराधों की रोकथाम करने एवं पीडितों की नकदी रिकवर कर उन्हें लौटाने की कार्यवाही करने के निर्देश पर चलाए जा रहे अीियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में सवनिा थानाधिाकरी अजयसिंह राव के नेतृत्व में कॉस्टेबल सुशील कुमार जानू ने मामले में अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर 3 लाख 20 हजार 305 रूपयें साईबर ठगों से वसूल कर पीडितों प्रद्युमनसिंह राठोड़ , इमरान खान , विजयलक्ष्मी मुण्ड,घनाक्षी जोशी, रितिका सचदेव, रिद्धि पाहुजा, चन्द्रशेखर जैन को नकदी लौटाई।

# ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार का असहयोग आंदोलन जारी

**राजसमन्द, ०(निसं)।** शासन - प्रशासन एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विधि का पालन न करने और ठगी पीडितों का भुगतान न करने के विरुद्ध 1 सितम्बर 2024 से राजसमंद ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार ठपजप संगठन ने जिला कलक्टर डॉ भंवलाल को ज्ञापन सौंपकर सरकार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन की घोषणा की और अपनी मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार, निवेशक और अभिकर्ताओं का 1 सितंबर 2024 सुबह 1० बजे से जिला कलेक्ट्रेट शहीद स्मारक के पास सम्पूर्ण देश में बेईमान सिस्टम के विरुद्ध अहिंसक शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन जारी है।

सत्याग्रही (धरना स्थल) पर ही मांग पूरी न होने तक बैठे रहेंगे। हालांकि अनिशितकालीन असहयोग आंदोलन मंगलवार को तीसरे दिन भारी बारिश के कारण बाधित रहा। गौरतलब है कि संसद ने सर्वसम्मति से वर्ष 2019 में अनियमित जमा योजनायें पाबंदी कानून 2019 (बैनिंग ऑफ अनरेग्युलेट डिपॉजिट स्कीम्स एक्ट 2019) बनाकर ठग कम्पनीज एवं ठग सोसाइटीज में डूबी हुई जमा राशि को पीडित आवेदक को 180दिन में जमाराशि के दो से तीन गुणा वापस दिलाने का कानूनी अधिकार दिया था। अनियमित जमा योजनाएं पाबन्दी अधिनियम 2019 के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में पीडित आवेदकों से आवेदन लेने और उनका भुगतान करने के लिए भुगतान पटल की स्थापना कागजों में हुई थी, अनियमित जमा और नियमित जमा योजनाओं में जनता के जमाधन की वापसी के लिए संसद और सरकार ने देशभर में विशेष न्यायालय, सक्षम अधिकारी, सहायक सक्षम अधिकारी और अन्य नोडल एजेंसीज का चयन एवं नियुक्ति की थी और कानून बनाकर जनता को यह विश्वास दिलाया था कि सरकार उनका डूबा हुआ ठगा गया धन वापस करेंगी और दोषी संचालकों को दण्डित करेंगी।

समयबद्ध कानून के लागू होने के 5 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी बहुत से राज्यों एवं जिलों में संघ या राज्यों ने (बैनिंग ऑफ अनरेग्युलेट डिपॉजिट स्कीम्स एक्ट 2019)के अंतर्गत पीडितों से न आवेदन आमंत्रित किए न आवेदन लेने के बाद उनका धन विधिसम्मत रूप से वापस किया जो करोडों नागरिकों के साथ अन्याय है जिसका प्रतिकार करना हमारा धर्म है, अधिकार है। यदि शासन प्रशासन ने कानून पर विधि पूर्वक कार्य आरंभ किया होता तो अब तक सभी पीडितों का भुगतान हो गया होता और लाखों निवेशक प्रताडित एजेंट्स मौत के मुंह में जाने और पलायन एवं उत्पीडन से बचाए जा सकते थे। जिले के नगरो और गांवों में लाखों ठगी पीडित हैं जिनकी परिश्रम से कमाई पूंजी सरकारी एजेंसीज और ठगों के पास फंसी है। क्षेत्र में उपरोक्त कानून के अंतर्गत भुगतान शिविर लगवाकर ठगी पीडितों की जमा राशि का भुगतान अविलम्ब कराएं और दोषी अधिकारियों तथा ठगों को दण्डित करवाकर उनके मन में कानून के प्रति सम्मान करने की भावना पैदा करें। ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार, निवेशक और अभिकर्ताओं का 1 सितंबर 2024 सुबह 10 बजे से जिला कलेक्ट्रेट शहीद स्मारक के पास सम्पूर्ण देश में बेईमान सिस्टम के विरुद्ध अहिंसक शांतिपूर्ण अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन आरम्भ जारी है। सत्याग्रही सत्याग्रह (धरना स्थल) पर ही मांग पूरी न होने तक बैठे रहेंगे।

# समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन अभियान शुरू

- **खेत की सेहत का रखने ध्यान, पोषक तत्वों का प्रबंधन सीखेंगे किसान**
- **डीएपी के स्थान पर 3 बैग सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) व 1 बैग यूरिया का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा**

**उदयपुर, (कासं)।** खेत की मिट्टी की सेहत बनाए रखना अति आवश्यक है, ताकि मिट्टी की उर्वरक क्षमता बनी रहे और उत्पादन भी अच्छा हो। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश भर में समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें खेतों में उर्वरकों के उपयोग के दौरान पोषक तत्वों के संतुलन के प्रति किसानों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कृषक संगोष्ठियां होंगी।

मानसून की अच्छी वर्षा के चलते बांधों/जलाशयों/फार्म पौण्ड्स में पानी की पर्याप्त उपलब्धता है। ऐसे में रबी फसलों का क्षेत्रफल बढ़ने की संभावना है। बुवाई के समय किसानों द्वारा फॉस्फेटिक उर्वरक के रूप में डीएपी के उपयोग का प्रचलन अधिक है। कृषकों का फॉस्फेटिक उर्वरक के रूप में केवल डीएपी पर अधिक निर्भर होने के कारण मांग के अनुरूप डीएपी उपलब्ध कराने में कठिनाई आती है एवं भूमि में संतुलित पोषक तत्वों की भी आपूर्ति नही होती है। समन्वित पोषक तत्व प्रबन्धन के उद्देश्य से उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए जिलेभर में 2 सितंबर से अभियान प्रारंभ किया गया है जो आगामी 15 सितम्बर तक चलाया जाएगा।

अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कृषक गोष्ठी/शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कृषकों को खेत की सेहत का ध्यान रखने के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसमें बुवाई के समय डीएपी के विकल्प के रूप में 1 बैग डीएपी के स्थान पर 3 बैग सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) व 1 बैग यूरिया का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## एकल काव्य पाठ 6 को

**उदयपुर, ।** राजस्थान साहित्य अकादमी एवं युगधारा के संयुक्त तत्वावधान में देश के ख्यातनाम नाट्य निर्देशक, कवि-आलोचक प्रोफेसर (डॉ.) अर्जुनदेव चारण का एकल काव्य पाठ 6 सितंबर को राजस्थान साहित्य अकादमी सभागार में शाम 5 बजे आयोजित होगा। युगधारा अध्यक्ष किरण बाला 'किरन' ने बताया कि केंद्रीय साहित्य अकादमी एवं संगीत नाटक अकादमी के सर्वोच्च पुरस्कार, बिहारी पुरस्कार एवं प्रदेश अकादमी के शिखर साहित्यिक पुरस्कार से पुरस्कृत देश के ख्यातनाम कवि अर्जुनदेव चारण का एकल काव्य पाठ होना सम्पूर्ण साहित्य जगत के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित कवि-आलोचक प्रोफेसर (डॉ.) माधव हाडा एवं मीरा पुरस्कार प्राप्त ज्योतिपुंज का सारस्वत सान्निध्य हमें प्राप्त होगा। डॉ.अर्जुनदेव चारण की हिंदी एवं राजस्थानी भाषा-साहित्य में विभिन्न विधाओं में अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है ।

# संस्था प्रधानों की सत्रारंभ वाक्पीठ संगोष्ठी का शुभारंभ

- **विद्यालयों में शैक्षिक संस्कृति विकसित करने के लिए हों समन्वित प्रयास : सांसद रावत**

**उदयपुर, (कासं)।** ब्लॉक गिर्वा और उदयपुर शहर के सभी विद्यालयों के संस्थाप्रधानों की दो दिवसीय सत्रारंभ वाक्पीठ संगोष्ठी का शुभारंभ मंगलवार को राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय सुरजपोल में सांसद डॉ मन्नालाल रावत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा तथा समासेवी तख्तसिंह शक्तावत रहे। अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गिर्वा कुंज बिहारी भारद्वाज ने की।

प्रारंभ में वाकपीठ अध्यक्ष रघुनाथ पालीवाल सहित कार्यकारिणी और स्थानीय विद्यालय के संस्थाप्रधान चेतन पानेरी ने अतिथियों का स्वागत किया। वाकपीठ उपाध्यक्ष मुकेश पंड्या ने विद्यार्थियों के साथ प्रार्थना प्रस्तुत की। साथ ही वाकपीठ का परिचय प्रस्तुत किया। सीबीईओ भारद्वाज ने स्वागत उद्बोधन देते हुए समस्त प्रधानाचार्य को विभागीय एवम् कार्यालयी अपेक्षाओं को पूर्ण निष्ठा से करने एवं विद्यार्थी हित में कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्य अतिथि सांसद डॉ रावत ने कहा कि प्रधानाचार्य का पद महत्वपूर्ण होता है वे समाज को संस्कारित करने का कार्य करते हैं। इस प्रकार की वाकपीठ ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के मंदिर होते हैं उनमें शैक्षिक संस्कृति विकसित करने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। उदयपुर ग्रामीण विधायक मीणा ने कहा कि जिस प्रकार मिट्टी के कई प्रकार के पात्र बनाए जा सकते हैं उसी प्रकार शिक्षक विद्यालय के बच्चों में विभिन्न कौशल विकसित कर उन्हें विभिन्न पदों पर आसीन कर सकता है।

उदयपुर शहर विधायक जैन ने कहा कि विद्यालयों के भौतिक विकास पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने संसाधनों की पूर्ति के लिए आश्वस्त करते हुए परीक्षा परिणाम की श्रेष्ठता को सर्वोपरि बताया।

वाक्पीठ के प्रथम दिन अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ बाल गोपाल शर्मा ने पीईईओ विद्यालय का प्रबंधन, डाइट व्याख्याता हरिदत्त शर्मा ने विद्यार्थियों में संस्कार निर्माण हेतु विद्यालय की भूमिका, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट दीपिका मीणा ने कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों हेतु मानसिक संबलन विषय पर वार्ता प्रस्तुत की। मीडिया प्रमुख किरण बाला जीनगर ने बताया कि वाकपीठ अध्यक्ष रघुनाथ पालीवाल ने वाकपीठ के उद्देश्य को व्यक्त करते हुए कई नैतिक दायित्वों की ओर सदन का ध्यान आकर्षित किया।

अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, गिर्वा विनोद शर्मा ने वीसी के मुख्य बिंदु रखे। वाकपीठ कोषाध्यक्ष विद्या गौड, चुनाव अधिकारी दिलीप जैन, देशपाल सिंह शेखावत, मोहन मेघवाल, महेंद्र सिंह, मोहम्मद अंसार, राजेश सैनिक सहित बड़ी संख्या में संस्थाप्रधान मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट, उदयपुर के एम.बी.ए. छात्रों के तीसरे सेमेस्टर के शैक्षणिक सत्र का प्रारम्भ तीन दिवसीय ओरियंटेशन कार्यक्रम से हुआ। छात्रों के अपने आगामी कार्यक्षेत्र में प्रगति को मध्य नजर रखते हुए व्यवसायिक पहलुओं से रू-ब-रू कराया गया। इन सत्रों के प्रथम दिन फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट के डीन प्रोफेसर दिपिन माथुर ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए, उन्हें वर्तमान में तत्परता से तैयार होकर भविष्य के लिए कमर कसने के लिए प्रेरित किया एवं प्रतियोगिता को फेस करने के लिए अपनी खुबियों एवं नाकामियों को पहचान कर अपनी पर्सनालिटी को हीरे की तरह चमकाने के लिए निरन्तर कड़ी मेहनत करने के लिए कटिबद्ध किया। कार्यक्रम में पहले दिन डिजिटल मार्केटिंग के रणनितियों पर एक सत्र एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने डिजिटल मार्केटिंग की रणनितियों को बनाने वे रणनितियों को कार्यान्वित करने के बारे में जाना। पहले दिन यह सत्र डिजिटल मार्केटिंग के विशेषज्ञ चन्द्रशेखर जोशी द्वारा लिया गया। पहले दिन छात्रों के शिक्षाविद विवेक शर्मा द्वारा फिल्म समीक्षा के द्वारा प्रबंधन के गुर सिखे व कैसे अलग-अलग तरह के काबिलियत पैदा कि जाए, उसको जाना व समझा परिस्थितियों के अनुसार सत्र के दौरान रोल प्ले से सम्बन्धित सत्र शिक्षाविद डा. कुलविन्दर कौर व डा जया शर्मा द्वारा भरपूर प्रबंधन खेल खेले गए जिसमें छात्रों को एक-दूसरे के बारे में जानने का मौका दिया गया एवं टीम समन्वय और समूह गतिशीलता को सीखाते हुए प्रबन्धन के गुरू मंत्र के बारे में बताया है। दुसरे दिन, प्रथम सत्र निम्मी मेथ्यु, फाइनेंस मेनेजर, मेजर ट्रेडर एवं इंजिनियरिंग द्वारा लिया गया।

### अनोखी फंगस की खोज

**उदयपुर, (कासं)।** दक्षिणी राजस्थान के मांडलगढ़ क्षेत्र के राजपुरा गांव में एक अद्भुत खोज हुई है। फाउंडेशन साइकोलॉजिकल सिक्योरिटी के फील्ड इकोलॉजिस्ट डॉ. अनिल सरसावन और उदयपुर के पर्यावरण वैज्ञानिक व सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक डॉ. सतीश शर्मा ने यहां एक अनोखी फंगस की खोज की है। इस फंगस का वैज्ञानिक नाम स्पिरोबोलस जयसुखियेंसिस है, लेकिन स्थानीय लोगों के बीच इसे 'गोले दागने वाली फंगस' के नाम से जाना जाता है। सेवानिवृत्त वन अधिकारी डॉ सतीश शर्मा ने बताया कि जब इस फंगस को छुआ जाता है तो यह छोटे-छोटे काले रंग के गोले यानी बीजाणुओं की तेजी से बरसात करती है, मानो को तोप गोले दाग रही हो। यही कारण है कि इसे अंग्रेजी में 'आर्टिलरी फंगस' कहा जाता है। अगर आप सफेद कपड़े पहने हुए इस फंगस को छू लें तो ये गोले आपके कपड़ों पर चिपक जाएंगे और दूर से ही दिखाइ देंगे। डॉ सरसावन और डॉ शर्मा के मुताबिक राजस्थान में इसकी उपस्थिति पहली बार और भारत में दूसरी बार दर्ज की ग है। इससे पहले भारत में इस फंगस की उपस्थिति गुजरात में 2020 में दर्ज की ग थी। मांडलगढ़ के राजपुरा गांव में तालाब के किनारे जमा कचरे में यह फंगस पाई गई । इस शोध को तमिलनाडु से प्रकाशित स्पीशीज जर्नल के 25 वें अंक में प्रकाशित किया गया है। डॉ सरसावन और डॉ शर्मा के अनुसार इस शोध से यह साफ हो गया है कि जैव विविधता सिर्फ संरक्षित क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि हमारे गांवों के खेतों, तालाबों और चरागाहों में भी भरपूर पाइ जाती है। हमें इन शामलात संसाधनों के महत्व को समझना होगा और इन पर लगातार शोध करते रहना होगा ताकि कई अज्ञात प्रजातियों को सामने लाया जा सके व संरक्षण किया जा सके।

### अपराध गोष्ठी संपन्न

**उदयपुर, (कासं)।**अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कार्मिक एवं रेंज प्रभरी संजीव नार्जरी ने रेंज के महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकगणों की अपराध गोष्ठी ली। इस दौरान रेंज की अपराधिक सिति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई। रेंज प्रभारी द्वारा रेंज में महिला अत्याचारों से संबिंधित पेण्डिग प्रकरणों की समीखा की एवं रेंज प्रभारी द्वारा अपराधों पर नियंत्रण एवं महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशील रह कर शिघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान गत दिनों विभिन्न जिलों में साम्प्रदायिक तनाव की घटनाओं की समीक्षा कर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज अजयपाल लांबा एवं रेंज के सभी पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

### विद्यालय में कंप्यूटर सिस्टम भेंट

**उदयपुर, (कासं)।** सामाजिक सरोकार के कार्य के तहत लघु उद्योग भारती गिर्वा इकाई ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शोभागपुरा में एक कंप्यूटर सिस्टम सेट भेंट किया। इससे पूर्व लघु उद्योग भारती उदयपुर द्वारा 15 अगस्त को इसी विद्यालय में बच्चों के लिए 400 पैकेट अल्पाहार, राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे, तिरंगे हैण्डबैंड और बैज वितरित किए थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रिंसिपल सुनीता धनकड ने विद्यालय के कार्यो हेतु लघु उद्योग भारती से अध्यक्ष मनोज जी जोशी को एक कंप्यूटर सिस्टम की आवश्यकता बताई थी। आज गिर्वा इकाई के सह सचिव ओम दवे ने कंप्यूटर सिस्टम का सहयोग प्रदान किया जिसे लघु उद्योग भारती उदयपुर की ओर से सौभागपुरा विद्यालय को भेंट किया गया।


**कार्यालय नगर निगम, उदयपुर**
टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001
दुरभाष स.0294-2421255, 2420013, Helpline no. 0294-2426262 वेबसाइट. www-udaipurmc.org
क्रमांकः- राजस्व/24-25/41 दिनांकः-03.09.2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम, उदयपुर द्वारा 1 जनवरी 2024 से 31 मई 2024 तक राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 245 के तहत सार्वजनिक सड़को से अतिक्रमण हटाने के दौरान जब्त केबिन, थैलागाडी व अन्य सामान को नगर निगम परिसर में रखवाया गया है। इस सम्बन्ध में जब्त सम्पत्ति मालिकों को जरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि अतिक्रमण हटाने के दौरान जब्त सम्पत्ति को नोटिस प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर नियमानुसार आवेदन व जुर्माना जमा कराने के पश्चात अपनी सम्पत्ति प्राप्त करें। निर्धारित समय सीमा के बाद उक्त सम्पत्ति को राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 245 (5). (9) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पत्ति का अधिहरण कर राशि राजकोष में जमा करायी जायेगी। अधिहरण कार्यवाही के पश्चात किसी प्रकार का उजर ऐतराज स्वीकार्य नहीं होगा।
राज.संवाद/सी/24/4655 महापौर आयुक्त



